# अभ्यास-पत्र 1

1. इन शब्दों में उचित स्थान पर 'र' के अलग-अलग रूप लगाइए।

पव – पर्व
टक – ट्रक
राष्ट – राष्ट्र
नम – नम्र

2. सही जगह पर 'ऑ' का प्रयोग कीजिए।

डाक्टर हास्पिटल बाय काल → डॉक्टर, हॉस्पिटल, बॉय, कॉल

3. रिक्त स्थान भरिए।

(क) किसी भी भाषा का साहित्य गद्य अथवा पद्य के रूप में लिखा जाता है।
(ख) व्याकरण के अंतर्गत हमें वर्णों, शब्दों तथा वाक्यों के संबंध में जानकारी मिलती है।
(ग) भाषा का क्षेत्रीय रूप बोली कहलाता है।
(घ) अनुनासिक का उच्चारण नाक और मुँह की सहायता से किया जाता है।
(ङ) 'ड' और 'ढ' हिंदी के व्यंजन हैं।

4. तत्सम शब्द लिखिए।

मोर – मयूर  जीभ – जिह्वा  मक्खी - मक्षिका  सौ – शत

5. उपसर्ग जोड़कर दो-दो शब्द बनाइए।

सु – सुयोग सुपुत्र
अप – अपकार अपमान

6. प्रत्यय लगाकर दो-दो शब्द बनाइए।

आई – पढ़ाई लड़ाई  इया – गुड़िया चुहिया  एरा – ममेरा फुफेरा

7. शब्दों की संधि कीजिए।

सीमा + अंत = सीमांत
नदी + ईश = नदीश
पर + उपकार = परोपकार
धर्म + अर्थ = धर्मार्थ
देव + इंद्र = देवेन्द्र
उमा + ईश = उमेश

8. समास कीजिए।

गज है आनन जिसका – गजानन
तीन भुजाओं का समूह – त्रिभुज
सत्य के लिए आग्रह – सत्याग्रह

9. वर्ण-विच्छेद कीजिए।

महत्वपूर्ण – म् + अ + ह् + अ + त् + व् + अ + प् + ऊ + र् + ण् + अ
सिपाही – स् + इ + प् + आ + ह् + ई
तस्वीर – त् + अ + स् + व् + ई + र् + अ

Page No.:
Date:

14/1/22

Class-6th Sub.-Hindi

Ch-6 संज्ञा

(2) नीचे दिए वाक्यों में जातिवाचक संज्ञा को पीले, व्यक्तिवाचक संज्ञा को हरे तथा भाववाचक संज्ञा को नीले रंग से रेखांकित कीजिए।

(क) दिसंबर के महीने में सरदी होती है।
दिसंबर → व्यक्तिवाचक, महीने → जातिवाचक, सरदी → भाववाचक

(ख) बचपन में रोहित बहुत नटखट था।
बचपन → भाववाचक, रोहित → व्यक्तिवाचक

(ग) विराट कोहली युवाओं के आदर्श हैं।
विराट कोहली → व्यक्तिवाचक, युवाओं → जातिवाचक

(घ) वर्षा के बाद आमों में मिठास नहीं रहती।
वर्षा → जातिवाचक, आमों → जातिवाचक, मिठास → भाववाचक

(ङ) गरमी के कारण मुझे घबराहट हो रही है।
गरमी → भाववाचक, घबराहट → भाववाचक